**Regarding Irrigation Canal Project**

श्री भजन लाल जाटव **(**करौली**-**धौलपुर**) :** महोदया, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।? (व्यवधान) मैं पूर्वी राजस्थान के करौली धौलपुर संसदीय क्षेत्र से चुन कर यहां आया हूं । पूर्वी राजस्थान में एक ईआरसीपी की नहर परियोजना काफी समय से लंबित थी । भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वादा किया था कि जब डबल इंजन की सरकार बनेगी, तो यह ईआरसीपी लागू कर देंगे । ईआरसीपी को लागू करने के लिए समझौता भी हुआ । मैंने इस पार्लियामेंट में बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा था कि कितने एमओयू हुए, कितनी राशि स्वीकृत की गई और कब इसका काम शुरू हो जाएगा? दो मुख्यमंत्रियों के बीच समझौता हुआ । मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के बीच में समझौता हो गया । समझौता हुए एक साल हो गया, लेकिन राशि का पता नहीं, एमओयू का पता नहीं, टेंडर का पता नहीं और एक घड़े का जल उधर से और एक घड़े का जल इधर से, दोनों को मिला दिया । सरकार ने इतना असत्य बोल कर वोट बटोर लिए । यह 13 जिलों का यह मामला है । यह ईआरसीपी लागू होना चाहिए । पानी की बहुत जटिल समस्या है ।

मैंडम, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जो एमओयू हुआ है, उसे शीघ्र धरातल पर लाने का काम करें ।